पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने ला मार्टीनियर कालेज के वार्षिक पुरस्कार समारोह में छात्रों को सम्मानित किया

जीवन में अनुशासित व्यक्ति ही आगे बढ़ता है - राज्यपाल

लखनऊः 8 मई, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक ने आज ला मार्टीनियर कॉलेज के वार्षिक पुरस्कार दिवस समारोह में कक्षा-1 से कक्षा-12 तक के मेधावी छात्रों को उनकी शैक्षिक उपलब्धियों के लिए पुरस्कृत किया। कालेज में व्यक्तिगत एवं हाऊस प्रतियोगिताओं के लिए राज्यपाल ने छात्रों को पदक, कप एवं शील्ड देकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर लखनऊ के जिलाधिकारी, श्री राजशेखर, कालेज के प्रधानाचार्य कार्लाइल मैक्फालैंड् सहित अन्य गणमान्य नागरिक छात्रगण व अभिभावकगण उपस्थित थे। राज्यपाल को इस अवसर पर एन0सी0सी0, स्काउट एवं कब्स के संयुक्त परेड द्वारा सलामी दी गयी।

इस अवसर पर राज्यपाल ने छात्रों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहाँ के पढ़ने वाले बच्चे भाग्यवान हैं कि उन्हें इतनी अच्छी शिक्षा प्रदान की जा रही है। ला मार्टीनियर कालेज का इतिहास बहुत शानदार रहा है। कालेज ने अंग्रेजी हुकुमत और आजादी के बाद का भी समय देखा है। अच्छी शिक्षा देने वाले स्कूल भी अभिनंदन के योग्य हैं। यहाँ के छात्र स्कूल का नाम रोशन करने का प्रयास करें। छात्र केवल किताबी कीड़ा न बनकर मन की ताकत को मजबूत करते हुये जीवन की कड़ी स्पर्धा के लिए तैयारी करें। उन्होंने कहा कि छात्र पढ़ाई के साथ-साथ अच्छे स्वास्थ के प्रति भी जागरूक रहें।

श्री नाईक ने कहा कि जीवन में अनुशासित व्यक्ति ही आगे बढ़ता है। मन की ताकत मजबूत हो तो मनुष्य बढ़ी से बढ़ी बीमारी को भी पराजित कर सकता है। व्यक्तित्व विकास पर जोर देते हुये उन्होंने छात्रों को चार मंत्र बताये। उन्होंने कहा कि सफल भविष्य के लिये सदैव प्रसन्नचित रह कर मुस्कराते रहें। दूसरे के अच्छे गुण की प्रशंसा करें तथा अच्छे गुणों को आत्मसात करने की कोशिश करें। दूसरों को छोटा न दिखाये और हर काम को और बेहतर ढंग से करने का प्रयास करें। उन्होंने इस अवसर पर बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिये अपनी शुभकामनायें भी प्रेषित की।